MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -23 मंदसौर, 26 नवम्बर 2025 बुधवार से 2 दिसम्बर 2025 तक पृष्ठ -4 किमत 2 रू.

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर, एडीएम, सीईओ द्वारा सुनी गई 43 आवेदकों की समस्याएं



मंदसौर । जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आज सुशासन भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा कुल 43 आवेदकों की समस्याएँ सुनी। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। मंदसौर निवासी कृष्णा शर्मा ने पति से भरण पोषण का खर्चा दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीओपी मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार छायन निवासी बालाराम ने कृषि भूमि का सिमांकन करवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम गरोठ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पिपल्या जोधा निवासी नारायण ने रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार साबाखेड़ा निवासी बद्रीलाल ने नल-जल योजना की पाईप लाईन बदलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जल निगम अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर गर्ग ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

## मकर संक्रांति पर नायलॉन, चायनीज मांझा प्रतिबंधित

मंदसौर। मकर संक्रांति से पहले मंदसौर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अदिति गर्ग ने बड़ा कदम उठाते हुए जिले की राजस्व सीमा में नायलॉन, चीनी और सिंथेटिक लेपित मांझे के निर्माण, बिक्री, खरीद, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 14 जनवरी 2026 को आने वाले त्योहार के दौरान जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।



कलेक्टर ने बताया कि नायलॉन और चीनी मांझा बेहद घातक होता है। इसमें कांच या सिंथेटिक लेप लगा होता है, जो मनुष्यों, पक्षियों और जानवरों के लिए जानलेवा साबित होता है। यह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है क्योंकि यह लंबे समय तक नष्ट नहीं होता।

### अधिकारियों को दी गई सत निगरानी की जिमेदारी

आदेश में सभी तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में ऐसे मांझों की बिक्री और उपयोग पर कड़ी निगरानी रखें। किसी भी दुकान या व्यक्ति के पास प्रतिबंधित मांझा मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है और दो महीने तक प्रभावी रहेगा।

### एडीजी जोगा ने मंदसौर में ली अपराध समीक्षा बैठक

## मुस्कान अभियान और सीएम हेल्पलाइन में बेहतर कार्य पर की सराहना

मंदसौर । उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा ने हाल ही में मंदसौर पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले के अपराधों की समीक्षा की और मंदसौर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान, सीएम हेल्पलाइन तथा एनडीपीएस संबंधी अपराधों में की गई अच्छी कार्रवाई की सराहना की। साथ ही, कुछ अन्य अपराधों में बेहतर कार्रवाई के लिए निर्देश भी दिए। आईजी ने विशेष रूप से ऑपरेशन मुस्कान के तहत अधिकतम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी, सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत अधिकतम शिकायतों के निराकरण से जिले को अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त होने और एनडीपीएस के अपराधों में फरार वारंटियों की अधिकतम पतारसी करने पर मंदसौर पुलिस के प्रयासों की प्रशंसा की। बैठक में महिला संबंधी अपराधों की पेंडेंसी,




एससी-एसटी प्रकरण, सड़क दुर्घटना चालान एवं जागरूकता, प्रिवेंटिव माइनर जैसे विषयों पर गहन समीक्षा की गई। उन्होंने थाना रिकॉर्ड्स के बेहतर और व्यवस्थित संधारण, क्षेत्र में थाना प्रभारी एवं अधीनस्थ कर्मचारियों की अधिक उपस्थिति तथा बीट पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

इस अपराध समीक्षा बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना, एडिशनल एसपी मंदसौर टी एस बघेल, एडिशनल एसपी गरोठ हेमलता कुरील सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी और थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## तीसरी मंजिल से गिरीं नायब तहसीलदार, मौत

मंदसौर । विदिशा में नायब तहसीलदार कविता की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना सांची रोड स्थित राजस्व परिसर में मंगलवार की है। पुलिस प्रशासन ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया है। पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक, कविता अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल की छत पर थीं, तभी अचानक नीचे गिर गई। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया था। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी।

### कलेटर समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर सहित कई प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल व घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत राजस्व परिसर को सील कर दिया और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू किया। छत के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मिले संभावित निशानों की बारीकी से जांच की गई।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर होगा खुलासा

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तकनीकी जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला आत्महत्या का है या दुर्घटना। कविता के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके बयान भी जांच में अहम भूमिका निभाएंगे।



कविता कड़ेला, नायब तहसीलदार

### सरकारी फ्लैट में रहती थीं नायब तहसीलदार

कविता सांची रोड स्थित राजस्व परिसर में बने सरकारी फ्लैट में रहती थीं। इस घटना से प्रशासनिक महकमे में शोक का माहौल है।

# संपादकीय

## बीएलओ एवं चुनाव आयोग

भारत के चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक सन्देहों से परे रही है परन्तु हालिया वर्षों के दौरान इसकी साख वह नहीं रही है जिसके लिए यह विश्व के लोकतान्त्रिक देशों में जाना जाता था। पूरे विश्व में सर्वाधिक मतदाताओं वाला भारत ऐसा देश है जिसमें सरकारों का गठन नागरिकों द्वारा मतदान करा कर किया जाता है। भारत में मतदाताओं की संख्या ही लगभग 98 करोड़ के आसपास है जो कि दुनिया के अधिसंख्य देशों की आबादी के मुकाबले बहुत बड़ी जनसंख्या है। इतनी बड़ी जनसंख्या के मतदाता समूह को नियमबद्ध करना कोई मामूली काम नहीं है। इसीलिए लोकतान्त्रिक दुनिया के अग्रणी देश तक भारत की चुनाव प्रणाली का अध्ययन करने आते रहे हैं। भारत की चुनाव प्रणाली की खूबी यह है कि इसमें देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक को मत देने का अधिकार है, चाहे उसका धर्म या जाति अथवा वर्ग या सम्प्रदाय कोई भी हो। यह वोट का अधिकार कोई छोटा अधिकार नहीं है क्योंकि इसी के माध्यम से भारत के हर नागरिक को गांधी बाबा स्वयंभू बना कर गये हैं। लोकतन्त्र में इस वोट की कोई भी कीमत नहीं आंकी जा सकती है। चुनाव आयोग का असल काम यही है कि वह लोगों को अपने इस अधिकार को अधिक से अधिक संख्या में प्रयोग करने के लिए प्रेरित करे जिससे किसी भी बनने वाली सरकार में लोगों की इच्छा का समावेश हो सके। हमारे संविधान निर्माताओं ने स्वतन्त्र व स्वायत्त चुनाव आयोग का गठन इसीलिए किया था कि देश की राजनीतिक प्रणाली में सत्ता पर काबिज कोई भी दल किसी भी सूरत में अपनी इच्छा न थोप सके। इसके लिए चुनाव प्रणाली को इतना पाक-साफ बनाया गया कि चुनावों के अवसर पर प्रशासन की बागडोर भी चुनाव आयोग को सौंपने का निर्णय किया गया। मगर चुनाव आयोग का यह भी कर्तव्य बनता है कि वह भारत की बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप बढ़ते वयस्क नागरिकों को मतदाता बनाये। इस क्रम में चुनाव आयोग हर साल मतदाता सूचियों का संशोधन करता है परन्तु इस बार बिहार के चुनावों से पहले आयोग ने सूचियों का गहन पुनरीक्षण करने का फैसला किया जिसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी गई। देश की सबसे बड़ी अदालत यह तय करेगी कि क्या गहन पुनरीक्षण कराना संवैधानिक है? इस मामले में न्यायालय में बहस जारी थी कि इसी दौरान बिहार के चुनाव हो गये और उनके बाद आयोग ने देश के 12 राज्यों में गहन पुनरीक्षण कराने के आदेश जारी कर दिये। आजकल यह कार्य इन सभी प्रदेशों में जोर-शोर से चल रहा है। इन 12 राज्यों में तीन केन्द्र प्रशासित क्षेत्र भी शामिल हैं। गहन पुनरीक्षण का कार्य चुनाव आयोग राज्य सरकारों के कर्मचारियों की सेवाएं लेकर ही करता है जिनमें सरकारी स्कूलों के अध्यापक सर्वाधिक होते हैं। ये कर्मचारी ब्लाक स्तर पर मतदाता सूचियों की जांच करते हैं और मतदाताओं के नाम की तसदीक करते हैं। इन्हें अंग्रेजी में बीएलओ कहा जाता है। जिन 12 राज्यों में पुनरीक्षण का काम चल रहा है वहां से ऐसी खबरें आ रही हैं कि कई बीएलओ काम का भारी दबाव होने की वजह से आत्महत्या तक कर रहे हैं। यदि मीडिया की खबरों को सही मानें तो अभी तक पांच राज्यों प. बंगाल, केरल, गुजरात मध्य प्रदेश व राजस्थान में 14 बीएलओ खुदकशी कर चुके हैं। यह बहुत गंभीर मामला है जिस तरफ चुनाव आयोग के साथ ही राज्यों की सरकारों को भी ध्यान देना चाहिए और बीएलओ पर डाली गई जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी चाहिए। चुनाव आयोग ने आदेश जारी कर दिया है कि आगामी 4 दिसम्बर तक पुनरीक्षण का पहला चरण पूरा हो जाना चाहिए। इसका मतलब है कि 4 दिसम्बर तक अपने क्षेत्र के हर वयस्क मतदाता का हिसाब-किताब बीएलओ को अन्तिम रूप से करना होगा। सुनने में यह काम जितना सरल लगता है करने में उतना ही मुश्किल है क्योंकि बीएलओ को ही आम जनता के इस बारे में उठाये गये हर सवाल का जवाब देना पड़ता है।बीएलओ अधिकतर शिक्षक वर्ग के होते हैं और उन पर यह जिम्मेदारी होती है कि किसी भी तौर पर उनके द्वारा किया गया

# एमपी कैबिनेट का बड़ा फैसला... अब जनता सीधे चुनेगी नगर पालिका और परिषद अध्यक्ष, अविश्वास होने पर बुला सकेंगे वापस

भोपाल। एक दिसंबर से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार नगर पालिका अधिनियम में संशोधन का विधेयक लाएगी जिसमें जनता द्वारा सीधे नगर पालिका व नगर परिषद का अध्यक्ष चुने जाने का प्रविधान होगा। मझौली नगर परिषद के उपचुनाव से ही यह प्रविधान लागू हो जाएगा। निर्वाचित अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास होने पर राइट टू रिकाल के तहत वापस भी बुलाया जा सकेगा।



**द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्ताव को भी हरी झंडी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में संशोधन विधेयक प्रस्तुत करने की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही दस हजार करोड़ रुपये से अधिक के द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई। 15 माह की तत्कालीन कमल नाथ सरकार ने नगर पालिका अधिनियम में संशोधन करके पार्षदों के बीच में से अध्यक्ष चुनने की व्यवस्था लागू की थी।

**संशोधन विधेयक लाया जाएगा**

शिवराज सरकार में इसी प्रविधान से चुनाव हुए। अब 2027 में चुनाव प्रस्तावित हैं। पार्षदों द्वारा अध्यक्ष पर दबाव बनाने सहित अन्य शिकायतों को देखते हुए मोहन यादव सरकार ने नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता से कराने का प्रविधान अध्यादेश के माध्यम से किया। अब इसके स्थान पर संशोधन विधेयक लाया जाएगा।

**नई योजना प्रारंभ नहीं होगी**

वहीं, विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले द्वितीय अनुपूरक बजट के प्रस्तावों को भी हरी झंडी दी गई। सूत्रों का कहना है कि यह दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। इसमें कोई भी नई योजना प्रारंभ नहीं होगी। नए वाहनों के लिए विभागों को राशि नहीं दी जाएगी। उन्हीं योजनाओं के लिए प्रविधान होगा, जिनकी पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी है या फिर राज्यांश मिलाना है।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन



मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान



डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर

प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले

शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485



अनूप जैन

हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268



प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।




चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़

Mob.9752457614,9893826814



आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।

नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार

प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें

समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# मंदसौर में 36 बीएलओ ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया

## कलेक्टर ने टीम वर्क की सराहना कर सभी को सम्मानित किया



मंदसौर । विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जिले के मल्हारगढ़ विधानसभा के 15 तथा सुवासरा विधानसभा के 21 बीएलओ ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा सुशासन भवन में आयोजित कार्यक्रम में सभी 36 बीएलओ का सम्मान किया गया। इसके साथ ही सुपरवाइजर, सहायिका, कार्यकर्ता, पटवारी एवं चौकीदारों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और इसे पूर्ण मनोयोग तथा जिम्मेदारी के साथ पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करना न केवल निर्वाचन प्रबंधन को मजबूत बनाता है, बल्कि अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा स्रोत भी है। कलेक्टर ने सभी टीमों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

### मल्हारगढ़ विधानसभा के सम्मानित बीएलओ

सम्मानित होने वाले बीएलओ में मतदान केंद्र क्रमांक 28 की किरन पाटीदार, 150 के घनश्याम पाटीदार, 228 की संगीता गुर्जर, 151 की कारीबाई सूर्यवंशी, 138 के रमेशचंद्र पाटीदार, 99 के मोहम्मद हुसैन मंसूरी, 16 के लोमन कुमार ओझा, 180 के फुल सिंह धाकड़, 146 के हीरालाल गुप्ता, 45 के जगदीशचंद्र पाटीदार, 32 के कालूराम राठौर, 4 के कचरूलाल मालवीय, 23 के अनिल प्रजापति, 92 की किरनबाला पंवार तथा 278 के श्यामलाल चौहान शामिल हैं।

### सुवासरा विधानसभा के सम्मानित बीएलओ

मतदान केंद्र क्रमांक 2 की सुनीता परिहार, 6 की सलमा मेव, 106 की भारती बाला, 72 के विष्णु नारायण चौहान, 153 के गोपाल प्रधान, 144 की सपना कंवर राठौड़, 150 के अजीम खान पठान, 159 की निर्मला धनगर, 197 के अशोक कुमार मालवीय, 296 की अफसाना बी, 299 की रेखा देवड़ा, 298 की संतरा चौहान, 304 की मंजू शर्मा, 303 की कैलाश बाई शर्मा, 265 के भीष्म सोनी, 236 की साधना मोड, 274 के संतोष बोरना, 275 के देवेंद्र पाण्डेय, 237 के कृष्णा मेहर, 263 की ललिता सूर्यवंशी तथा 257 के शार्दुलसिंह देवड़ा को सम्मानित किया गया।

## मंदसौर में टीआई के ट्रांसफर का नया सिस्टम तैयार

# प्रदर्शन के आधार पर हर 3 से 6 महीने में होगा रोटेशन, शिकायत होने पर तुरंत बदली

मंदसौर। जिले में हाल के महीनों में पुलिस कार्यप्रणाली पर पैसों के लेन-देन के आरोप लगने के बाद पुलिस विभाग अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है। एसपी विनोद कुमार मीना थाना प्रभारियों के लिए परफॉर्मेंस-बेस्ड ट्रांसफर सिस्टम लागू करने की तैयारी में हैं। यह सिस्टम लागू होने पर मंदसौर प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां पुलिस व्यवस्था में इस तरह का नवाचार अपनाया जाएगा।


### कमजोर प्रदर्शन पर 3 महीने में ट्रांसफर

नए प्रस्तावित सिस्टम के तहत थाना प्रभारियों का रोटेशन हर 3 से 6 महीने में किया जाएगा। जिन टीआई पर कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें होंगी या जिनका प्रदर्शन औसत से कम पाया जाएगा, उनका थाना सिर्फ 3 महीने में बदल दिया जाएगा। वहीं बेहतर काम करने वाले अधिकारियों



को अपने थाने में अधिक समय तक काम करने का मौका मिलेगा। सिस्टम पूरी तरह प्रदर्शन आधारित होगा, ताकि पक्षपात और राजनीतिक दबाव की गुंजाइश कम हो सके।









## रिटायर्ड शिक्षिका की हत्या की गुत्थी अनसुलझी

# 1 करोड़ की एफडी और भाई के साथ ज्वाइंट अकाउंट; लूट का भी केस दर्ज

रतलाम। 70 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका सरला धनेटवाल की बेरहमी से हत्या की गुत्थी 24 घंटे बाद भी नहीं सुलझी है। सोमवार सुबह उनका शव मीरा कुटी लक्ष्मण पुरा स्थित घर के बाथरूम में मिला था। पुलिस ने हत्या के साथ ही लूट का केस भी दर्ज किया है, क्योंकि महिला के शरीर से गहने और घर से कुछ सामान गायब है। पुलिस को शक है कि हत्या किसी परिचित ने की है। मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। मृतका सरकारी स्कूल से रिटायर्ड थीं। जांच में सामने आया है कि महिला का पीएफ का पैसा एफडी के रूप में जमा है। इसके अलावा खाते में भी रुपए हैं। चूंकि महिला के परिवार में (पति की मौत के बाद) कोई नहीं था, इसलिए भाई राजेंद्र जायसवाल के साथ बैंक में ज्वाइंट अकाउंट भी है। यह भी बात सामने आई है कि महिला ने एक करोड़ की एफडी कर रखी थी।

### सीसीटीवी में दिखा एक संदिग्ध

पुलिस की अलग-अलग टीमें सुराग तलाशने में लगी हैं। क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाले गए हैं, जिसमें एक संदिग्ध नजर आया है। इसको लेकर पुलिस अभी खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं है। वहीं, सोमवार सुबह सबसे पहले घर पहुंचने वाले भतीजे से पुलिस पूछताछ कर रही है।

आशंका है कि महिला शौच के लिए गई और उसी समय कमोड पर बैठे रहने के दौरान चाकू से गला रेत दिया गया।

### गहने गायब, घर में बिखरा था सामान

महिला के शरीर पर सामान्य तौर पर पहने जाने वाले गहने नहीं मिले हैं। घर में से कुछ सामान चोरी हुआ है।



हालांकि, घर की तलाशी में पुलिस को सोने की चूड़ियां मिली हैं, लेकिन कुछ अन्य सामान गायब है। घटना के बाद से पुलिस ने किसी को घर में प्रवेश नहीं करने दिया है।

### पड़ोसी बोले- व्यवहार बहुत अच्छा था

मृतिका के घर के पास रहने वाली शारदा ने बताया कि वे आसपास के सभी लोगों से बातचीत करती थीं। सामने रहने वाली मीना वर्मा ने बताया, ÷शाम-सुबह मुलाकात होती थी। वह भी हमारे घर आती थी। किसी से भी लड़ाई-झगड़ा नहीं था। उनके भाई ने मुझसे पूछा कि जीजी का पता है क्या है। इसके बाद हमें पता चला। अच्छा व्यवहार था। भाई को हल्का पैरालाइसिस होने पर बहुत सेवा करती थी।÷

### उज्जैन शादी में जाना था

मृतिका के पति का पहले ही निधन हो चुका था और वह घर में अकेली रहती थीं। उन्हें सोमवार सुबह अपने रिश्तेदारों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए उज्जैन जाना था, लेकिन उससे पहले ही उनकी हत्या हो गई।

### एसपी बोले- टेक्निकल एविडेंस पर काम जारी

एसपी अमित कुमार ने बताया, ÷सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। घर में कुछ सामान बिखरा था। तीन से चार थानों की टीम बनाई है। क्षेत्र के सभी सीसीटीवी खंगाल रहे है। टीम टेक्निकल एवीडेंस के साथ आगे बढ़ रही है। जल्द से जल्द इस हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने बेटे की शादी के साथ 21 कन्याओं का कराएंगे सामूहिक विवाह, 30 नवंबर को निकलेगी सामूहिक बारात

उज्जैन। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव अपने पुत्र डा. अभिमन्यु के विवाह के साथ 21 अन्य कन्याओं का परिणय संस्कार भी संपन्न करवाएंगे। आयोजन शिप्रा किनारे वाकणकर ब्रिज के समीप 30 नवंबर को होगा। मुख्यमंत्री परिवार के सदस्य नंदलाल यादव, नारायण यादव और कलावती यादव (नगर निगम की अध्यक्ष) ने बताया कि विवाह को सामाजिक उत्सव का रूप देने का निर्णय इस सोच के साथ लिया गया है कि व्यक्तिगत खुशी को समाज के साथ साझा किया जाए।

### पूरा खर्च मुख्यमंत्री परिवार ही वहन करेगा

कन्याओं के विवाह का पूरा खर्च मुख्यमंत्री परिवार ही वहन करेगा। समारोह में सामाजिक समावेशिता को भी प्राथमिकता दी गई है। 21 वधुओं में 14 अन्य पिछड़ा वर्ग, चार सामान्य वर्ग, पांच अनुसूचित जाति और एक अनुसूचित जनजाति से होंगी। वहीं 21 वरों में 12 अन्य पिछड़ा वर्ग, छह सामान्य और छह अनुसूचित जाति वर्ग के युवा शामिल रहेंगे। सभी परिवार विवाह के पूर्व की रस्में अपने घरों में संपन्न कर समारोह स्थल पर पहुंचेंगे। इम्पीरियल चौराहा से सामूहिक बरात विवाह समारोह की शुरुआत 30 नवंबर को सुबह 8 बजे इम्पीरियल चौराहा से



सामूहिक बारात के प्रस्थान के साथ होगी। बारात शिप्रा तट पर स्थित डा. वाकणकर ब्रिज के समीप बने विशाल विवाह स्थल पर पहुंचेगी। मुख्यमंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मुख्य मंच पर वरमाला समारोह होगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य पाणिग्रहण, सप्तपदी और अन्य वैदिक रस्में 22 विशेष रूप से निर्मित मंडपों में एक साथ होंगी।

### नवदंपतियों को भेंट करेंगे उपहार सामग्री

यादव परिवार प्रत्येक नवदंपती को उपहार में सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब-बिछिया, मोटरसाइकिल, पलंग, सोफा, गद्दे, अलमारी, बेडशीट, 21 बर्तनों का सेट, डिनर सेट, वर-वधु के वस्त्र सहित संपूर्ण गृहस्थी सामग्री भेंट करेगा। आगंतुकों से कोई उपहार न लाने का आग्रह किया गया है। यह सामूहिक विवाह न केवल मुख्यमंत्री परिवार की सामाजिक संवेदनशीलता का प्रतीक होगा, बल्कि प्रदेश में समभाव, सद्भाव और जनकल्याण की दिशा में नई प्रेरणा भी स्थापित




समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बांड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306